दिन– रविवार	दिनांक– 27 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।	अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

02. मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का पहला चरण समाप्त। सात करोड़ तेईस लाख से अधिक मतदाताओं ने जमा किये गणना प्रपत्र।

03. केन्द्र सरकार ने राज्य के कृषि उत्पादों के निर्यात के लिए कृषि और प्रसंस्करण खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण एपीडा का क्षेत्रीय कार्यालय खोलने की दी मंजूरी।

04. और, प्रदेश की नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव जारी। नालंदा में लोकाईन नदी का तटबंध टूटने से निचले इलाकों में फैला बाढ़ का पानी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ चौबीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का पहला चरण समाप्त हो गया। इसके तहत सात करोड़ तेईस लाख से अधिक मतदाताओं ने गणना प्रपत्र जमा कर दिये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार निन्यानवे दशमलव आठ प्रतिशत से अधिक मतदाताओं का सत्यापन कार्य पूरा किया जा चुका है। चुनाव आयोग के अनुसार फॉर्म जमा करने वाले सभी मतदाताओं का नाम एक अगस्त को प्रकाशित मतदाता सूची प्रारूप में शामिल किया जाएगा। जिन लोगों के नाम मतदाता सूची के प्रारूप में नहीं होंगे, वे एक अगस्त से एक सितंबर के बीच दावा–आपत्ति कर सकेंगे।

आयोग के अनुसार अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तीस सितम्बर को किया जाएगा। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि एक लाख दो हजार मतदाताओं ने गणना प्रपत्र जमा नहीं किये हैं। सत्यापन के क्रम में मतदाता सूची में लगभग बाईस लाख मृत मतदाताओं के नाम पाए गये हैं। इसके साथ ही लगभग पैंतीस लाख मतदाता ऐसे मिले जो स्थायी रूप से विस्थापित हो चुके हैं और सात लाख मतदाताओं का नाम एक से अधिक जगहों पर पंजीकृत पाया गया है, ऐसे मतदाताओं का नाम सूची से हटाया जायेगा।

---

पटना जिले में एसआईआर का प्रथम चरण पूरा होने के बाद लगभग चार लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटने की संभावना है। जिले में पचास लाख से अधिक वोटर हैं। एक महीने तक चले विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में छियालीस लाख तिरेपन हजार से अधिक मतदाताओं ने गणना प्रपत्र जमा किए हैं।

---

केन्द्र सरकार ने राज्य के कृषि उत्पादों के निर्यात के लिए कृषि और प्रसंस्करण खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण, एपीडा का क्षेत्रीय कार्यालय बिहार में खोलने की मंजूरी दे दी है। उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि राजधानी पटना के मीठापुर कृषि भवन परिसर में इसकी स्थापना होगी। उन्होंने कहा कि एपीडा का क्षेत्रीय कार्यालय खुलने के बाद राज्य से कृषि उत्पादों के निर्यात में वृद्धि होगी। अगले तीन साल में इसे तिगुना करने का लक्ष्य है। पहले वर्ष में पचास एफपीओ को एपीडा के साथ संबद्ध किया जाएगा। इसके अंतर्गत बीस हजार किसानों को निर्यात संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे बिहार के कृषि और बागवानी उत्पादों का अंतरराष्ट्रीय बाजार में उचित मूल्य मिलेगा।

---

राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहमद खां ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार और करुणा भी रखनी चाहिए। राज्यपाल बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के अष्टम दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में सात सौ संतानवे छात्र–छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की गयीं। वहीं, तीस छात्रों को पीएचडी उपाधि दी गयी। आठ विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। श्रेष्ठ थेसिस पुरस्कार डॉक्टर शिवम कुमार और डॉक्टर अवनीश कुमार को, श्रेष्ठ शिक्षक तथा वैज्ञानिक सम्मान डॉक्टर मीरा कुमारी और डॉ आनंद कुमार को प्रदान किया गया। वहीं, श्रेष्ठ वैज्ञानिक पुरस्कार डॉक्टर वसीम सिद्दीकी को प्रदान किया गया।

---

कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने स्क्रीनिंग कमेटी का गठन कर दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय माकन को ग्यारह सदस्यीय कमेटी की जिम्मेदारी दी गई है। कमेटी के अन्य सदस्यों में प्रणिती शिंदे, इमरान प्रतापगढ़ी और कुणाल चौधरी शामिल हैं। कमेटी का काम टिकट दावेदारों के आवेदनों पर विचार करना है।

---

सशस्त्र सीमा बल ने एसएसबी के सहायक कमांडेंट शहीद किशोर कुणाल को मरणोपरांत पराक्रम पदक से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय नई दिल्ली ने उनकी वीरता और बलिदान के लिए प्रदान किया। पराक्रम पदक एसएसबी के महानिरीक्षक निशीत कुमार उज्ज्वल ने शहीद कुणाल के माता–पिता को सौंपा। इधर, राजधानी पटना में स्थित बल के सीमांत मुख्यालय में चालीसवीं बटालियन और स्थानीय नागरिकों ने शहीद किशोर कुणाल को श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि पटना के किशोर कुणाल छब्बीस जुलाई दो हजार दस को असम के बोगाईगांव के पानबाड़ी में गश्ती के दौरान उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गये थे।

---

राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने पार्टी की उनतीस सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यसमिति के गठन की घोषणा कर दी है। कार्यसमिति में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी और पूर्व सांसद महबूब अली कैसर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही कार्यसमिति में अन्य पदों की घोषणा की गयी है।

---

पूर्व राजद नेता तेजप्रताप यादव वैशाली जिले के महुआ विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे। श्री यदाव ने कहा कि उनकी कोई राजनीतिक पार्टी नहीं है बल्कि एक सामाजिक मंच के तहत चुनाव में उतर रहे हैं। इसमें युवाओं को जोड़ना है और विशेष प्रतिनिधित्व देना है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन की घोषणाा की है। आयोग में अध्यक्ष के अलावा एक उपाध्यक्ष और पांच सदस्य होंगे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुये कहा कि यह आयोग सफाई कर्मचारियों के अधिकारों और हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। सफाई कर्मचारियों के कल्याण, पुनर्वास, सामाजिक उत्थान और शिकायतों के निवारण के लिए भी काम करेगा। इस आयोग के गठन की मांग लम्बे समय से की जा रही थी।

---

प्रदेश में गंगा, कोसी, गंडक और बूढ़ी गंडक समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव जारी है। कोसी नदी के जलस्तर में भी गिरावट के बावजूद खगड़िया में नदी लाल निशान से ऊपर बनी हुई है। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में फरक्का बराज के सभी फाटक खोले जाने के बाद गंगा नदी के जलस्तर में कमी हो रही है। नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट और हाथीदह में खतरे के निशान से नीचे आ गया है। वहीं, गंगा नदी भागलपुर के कहलगांव में खतरे के निशान से नीचे पहुंच गयी है। जिले के नवगछिया स्थित बाढ़ नियंत्रण कक्ष के कार्यपालक अभियंता गौतम कुमार ने बताया कि कोसी नदी का जलस्तर स्थिर है। उन्होंने कहा कि तटबंधों पर गश्त किया जा रहा है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में अभी भी लाल निशान से ऊपर बह रही है। हालांकि नदी के जलस्तर में कमी की प्रवृति देखी जा रही है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है।

इधर, नालंदा जिले में लोकाईन नदी का तटबंध के टूटने से निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल रहा है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

करायपरसुराय प्रखंड के गुलरिया बिगहा के पास लोकाइन नदी का तटबंध दस दिन में दूसरी बार फिर टूट गया है। इसके साथ ही नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। जल संसाधन विभाग के कनीय अभियंता नवलेश कुमार ने बताया कि उदेरा स्थान बराज से सत्रह हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण नदी का जलस्तर बढ़ा है। इससे निचले इलाकों में बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है। अभियंता ने बताया कि टूटे तटबंध की मरम्मत करायी जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए नालंदा से निरंजन कुमार।

---

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज किशनगंज और सुपौल समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और उत्तर–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, राज्य के अन्य भागों में अगले चौबीस घंटों के दौरान बारिश और वज्रपात की आशंका जताई गई है।

–––बाईट–––

---

गोड्डा–दौराई अजमेर साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन को नवादा रेलवे स्टेशन से अजमेर के लिए रवाना किया गया। सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि इस एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू होने से काशी, खाटू श्याम, दिल्ली और अजमेर जाने वालों के लिए काफी उपयोगी है। यह साप्ताहिक ट्रेन तीन अगस्त से प्रत्येक रविवार को दौराई से

साढ़े तीन बजे चलेगी। किऊल–गया रेलखंड पर दिल्ली जाने के लिए हमसफर के बाद यह दूसरी एक्सप्रेस ट्रेन है।

---

प्रदेश में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की संवर्द्धन नीति– दो हजार पच्चीस तथा बिहार पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट प्रमोशन पॉलिसी दो हजार पच्चीस के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित समारोह में ऊर्जा मंत्री श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य सरकार नवीकरणीय ऊर्जा प्रोत्साहन नीति और पंप स्टोरेज परियोजना प्रोत्साहन नीति के माध्यम से देश–विदेश के ऊर्जा निवेशकों को आमंत्रित कर रहा है। ये नीतियां स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने, निवेश को आकर्षित करने और राज्य को नेट ज़ीरो के राष्ट्रीय लक्ष्य में सक्रिय भागीदार बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मधुबनी में विकास योजनाओं के शिलान्यास पर लिखा है– कमला श्रृंखला की आधा दर्जन नदियां पुनर्जीवित होंगी।

दैनिक जागरण लिखता है– प्रदेश के पत्रकारों को अब छह हजार की जगह पन्द्रह हजार रूपये प्रति माह मिलेगी पेंशन।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– बिहार में हर साल ठनका गिरने से दो सौ इकहत्तर लोगों की मौत और सत्तावन जख्मी हो रहे।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।
02. मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का पहला चरण समाप्त। सात करोड़ तेईस लाख से अधिक मतदाताओं ने जमा किये गणना प्रपत्र।
03. केन्द्र सरकार ने राज्य के कृषि उत्पादों के निर्यात के लिए कृषि और प्रसंस्करण खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण एपीडा का क्षेत्रीय कार्यालय खोलने की दी मंजूरी।
04. और, प्रदेश की नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव जारी। नालंदा में लोकाईन नदी का तटबंध टूटने से निचले इलाकों में फैला बाढ़ का पानी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।